दिनांकः 26.09.2025
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–सरकार द्वारा शुरू की गई महिला–केंद्रित योजनाओं और कार्यक्रमों से समाज के हर वर्ग को लाभ मिला।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से प्रदेश के विकास में साझेदार बनने की अपील की।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कानून निर्माण की प्रक्रिया में लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग को महत्वपूर्ण बताया।
- भारतीय वायु सेना के दिग्गज लड़ाकू विमान मिग–21 को 6 दशकों की सेवा के बाद अंतिम विदायी दी गई।

और

- बाड़मेर के किराडू में मालाणी महोत्सव कल से ।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने बिहार की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये हस्तांतरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई कई महिला–केंद्रित योजनाओं और कार्यक्रमों से समाज के हर वर्ग को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

----------------------

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देशभर में लगभग 98 हजार स्थलों के लिए बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी स्टैक का कल ओडिशा में शुभारंभ करेंगे। वे डिजिटल भारत निधि के माध्यम से देश में शत–प्रतिशत इंटरनेट उपलब्ध कराने के लिए 4जी सेचुरेशन नेटवर्क का भी अनावरण करेंगे। आज केन्द्रीय संचार मंत्री ज्यातिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से 20 लाख नए सबस्क्राइबर डिजिटल प्रणाली से जुड़ेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों से प्रदेश के विकास में साझेदार बनने की अपील की है। श्री शर्मा आज हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानी मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी दुनियाभर में राजस्थानी संस्कृति की खुशबू फैला रहे हैं।मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानियों को 10 दिसंबर को जयपुर में होने वाले पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस के भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार हर साल प्रवासी राजस्थानी सम्मान देगी और उनके व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रयासों में सहयोग के लिए एक विशेष विभाग का गठन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए 20 से अधिक नई नीतियां बनाई गई हैं और राजस्थान फाउंडेशन को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने निवेशकों को राजस्थान के ऊर्जा, पर्यटन और खनन जैस अपार संभावना वाले क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया।

----------------------

000

राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शोध और अनुसंधान में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल करने का आह्वान किया है। श्री बागडे आज उदयपुर में महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की, अधिकारियों और विभागाध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गांवों में प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को प्रेरक किस्सों के माध्यम से शिक्षित कर उनकी नींव मजबूत करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए।

000

राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार सौंपा गया है। विधि और न्याय मंत्रालय ने आज इस आशय की अधिसूचना जारी की।अधिसूचना में कहा गया है कि मौजूदा मुख्य न्यायाधीश के.आर. श्रीराम के 27 सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद, जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायाधीश शर्मा को 16 नवंबर, 2016 को हाईकोर्ट में वकील कोटे से न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। वे वर्तमान में राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश हैं और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

000

वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी बचत उत्सव के तहत ज़िलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाली ज़िले के मारवाड़ जंक्शन और सोजत में डिप्टी कमिश्नर मीरा चौधरी के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से व्यापारियों और आमजन को जीएसटी दरों में कमी के कारण आवश्यक वस्तुओं के दामों में मिली राहत से अवगत कराया गया और टेम्पलेट वितरित किए गए। वहीं, सिरोही में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई ने उद्यमियों को संबोधित किया। इस दौरान सांसद लुम्बाराम चौधरी भी मौजूद रहे। ज़िले के पाडीव में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जीएसटी की संशोधित दरों और केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो उदयपुर की ओर से चीरवा में जीएसटी बचत उत्सव और केन्द्र की योजनाओं पर प्रदर्शनी कार्यक्रम रखा गया। जैसलमेर में भी खाद्य व्यापार संघ और वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी 2.0 के लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि कानून निर्माण की प्रक्रिया में लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आज चण्डीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के विधायी प्रारूप प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहा कि भारत का संविधान हमारे लिए इस दिशा में मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के तहत विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है और उसकी मूल भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कानून की ऐसी ड्राफ्टिंग होनी चाहिए जो सरल और स्पष्ट भाषा में हो। उन्होंने कहा कि, जितनी बेहतर ड्राफ्टिंग होगी, कानून उतना ही प्रभावी, त्रुटिरहित और न्यायसंगत होगा।

000

प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में अजमेर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने ब्यावर के गिब्सन हॉस्टल परिसर में लगे शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और जन्म–मृत्यु पंजीकरण, पीएम स्वनिधि तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति जाँची। संभागीय आयुक्त ने नागरिकों से योजनाओंका लाभ लेने की अपील की।

-------------------

पाली नगर निगम में आयोजित शहरी सेवा शिविर का जिला कलक्टर एल एन मंत्री ने निरीक्षण किया और पट्टे तथा लाभांश वितरित किए। शिविर में खून की जाँच भी की गई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवनी पर आधारित फिल्म ''चलो जीते हैं'' दर्शकों का ध्यान खींचने के साथ ही उन्हें प्रेरित भी कर रही है। भीलवाड़ा के महापौर राकेश पाठक ने इस फिल्म को प्रेरणादायक बताया।

-----------------------

**000**

भारतीय वायु सेना के दिग्गज लड़ाकू विमान मिग–21 को 6 दशकों की सेवा के बाद आज अंतिम विदाई दी गई। यह विदाई समारोह चंडीगढ़ एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में आयोजित किया गया। मिग–21 का संचालन एक औपचारिक फ्लाईपास्ट के साथ संपन्न हुआ। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बादल 3 के नाम से स्क्वाड्रन की अंतिम उड़ान भरी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में मिग–21 की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कई अवसर आए हैं जब मिग–21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है।

000

बाड़मेर ज़िले में सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े के अंतर्गत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी और ज़िला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कल से मालाणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव किराडू मंदिर के प्रांगण में आयोजित होगा। कल और रविवार को होने वाली सांस्कृतिक संध्याएँ इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण होंगी। हमारे

संवाददाता ने बताया कि इन संध्याओं के दौरान, लोक कलाकारों द्वारा गायन, वादन और नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

-----------------------------

**000**

कोटा ज़िले में राष्ट्रीय राजमार्ग–27 पर एक भीषण दुर्घटना में बालिका की मृत्यु हो गई, जबकि इक्कीस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सीमलिया थाना क्षेत्र में चींसा के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से पिकअप ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर ट्रॉली में पैंतीस से चालीस व्यक्ति सवार थे। टक्कर से ट्रॉली पलट गई, और उसमें सवार यात्री दब गए। घायलों को तत्काल कोटा के एमबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान एक घायल बालिका ने दम तोड़ दिया।

**000**

सलूंबर जिले के सभी स्कूलों में मिड–डे मील की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों ने अचानक पहुँचकर भोजन और दूध वितरण व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भोजन स्वयं चखकर परखा और छात्र–छात्राओं से सीधा फीडबैक भी लिया।

000